भारत सरकार
इस्पात मंत्रालय

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 412**
**22 जुलाई, 2025 को उत्तर के लिए**

**इस्पात उद्योग का सुदृढ़ीकरण**

**412. श्री किशोरी लालः**

क्या **इस्पात** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) हमारे देश के इस्पात उद्योग को वैश्विक प्रतिस्पर्धा में सुदृढ़ करने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं;

(ख) क्या सरकार का सेल (एसएआईएल), जगदीशपुर इकाई के परिसर में खाली भूमि पर एक मेगा सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित करने का विचार है; और

(ग) क्या सरकार का सेल, जगदीशपुर इकाई में स्टील बार के अतिरिक्त गोल और वर्गाकार आयरन पाइप और रंगीन शीट निर्माण इकाइयों की स्थापना का विचार है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

**उत्तर**

**इस्पात राज्य मंत्री** **(श्री भूपतिराजू श्रीनिवास वर्मा)**

(क) इस्पात एक नियंत्रणमुक्त क्षेत्र है और सरकार इस्पात क्षेत्र के विकास के लिए अनुकूल नीतिगत वातावरण सृजित कर एक सुविधाप्रदाता के रूप में कार्य करती है। सरकार ने वैश्विक प्रतिस्पर्धा का सामना करने हेतु इस्पात उद्योग को मजबूत करने के लिए कई उपाय किए हैं, जैसे :-

1. सरकारी अधिप्राप्ति के लिए 'मेड इन इंडिया' स्टील को बढ़ावा देने हेतु घरेलू स्तर पर विनिर्मित लौह एवं इस्पात उत्पाद (डीएमआई एंड एसपी) नीति का कार्यान्वयन करना।
2. देश में 'विशेष इस्पात' के विनिर्माण को बढ़ावा देने और पूंजीगत निवेश को आकर्षित कर आयात को कम करने हेतु 'विशेष इस्पात' के लिए उत्पादन संबद्ध प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना को शुरू किया जाना।
3. केन्द्रीय बजट में अवसंरचना संबंधी विस्तार पर जोर दिया जाना, जिससे इस्पात की खपत में वृद्धि हो सके।
4. इनपुट लागतों को कम करने के लिए फेरो निकल और फेरस स्क्रैप आयातों पर मूलभूत सीमा शुल्क में अंशांकन (कैलिब्रेशन) करना।

जारी.........2/-

5. घरेलू इस्पात उद्योग को आयातों पर विस्तृत विवरण उपलब्ध कराने के लिए आयातों की निगरानी हेतु इस्पात आयात निगरानी प्रणाली (एसआईएमएस) में सुधार करना।
6. उद्योग, प्रयोक्ताओं और आम जनता को गुणवत्तापूर्ण इस्पात की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए इस्पात गुणवत्ता नियंत्रण आदेशों को लागू करना, जिससे घरेलू बाजार के साथ-साथ आयात में घटिया/दोषपूर्ण इस्पात उत्पादों पर भी प्रतिबंध लगाया जा सके।

(ख) और (ग): सेल की जगदीशपुर इकाई में गोल एवं वर्गाकार आयरन पाइप और रंगीन शीटों के विनिर्माण हेतु मेगा सौर ऊर्जा संयंत्र अथवा इकाईयाँ स्थापित करने का कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है।

******